हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

04 उत्कृष्ट राघौगढ़ में पांच दिवसीय अम्बेडकर...



07 जिले में हाई स्कूल का 66.78 प्रतिशत और हायर सेकंड्री का...





## गुना के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन प्रदेश प्रावीण्य सूची में चमके जिले के सितारे

# 10वीं में नितिन जाट, वेद रघुवंशी और आर्या 12वीं में गायत्री कृष्णा और ढाणी ने बनाया प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना






माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में गुना जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों ही स्तरों पर जिले के कई होनहारों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है।कक्षा 10वीं की प्रदेश प्रावीण्य सूची में एसएल मेमोरियल के नितिन जाट पिता विश्ववीर सिंह जाट एवं वेद रघुवंशी पिता राजीव रघुवंशी ने संयुक्त रूप से प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त किया। वहीं आर्या शर्मा पिता प्रशांत शर्मा, शाउमा उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 ने 9वां स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।इसी तरह कक्षा 12वीं की प्रावीण्य सूची में भी गुना के विद्यार्थियों ने दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। कला संकाय से गायत्री राजपूत पिता संतोष राजपूत, शासकीय सांदीपनि उमावि फतेहगढ़ एवं कृष्णा धाकड़ ने छठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं ढाणी बंसल पिता संतोष बंसल गुना ने पांचवां स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।यदि जिले के समग्र परिणाम की बात करें तो हाईस्कूल में विद्यार्थियों का परिणाम 68.09 प्रतिशत तथा प्राइवेट का 14.97 प्रतिशत रहा। वहीं हायर सेकेंडरी में छात्रों का परिणाम 70.73 प्रतिशत एवं प्राइवेट का 28.87 प्रतिशत दर्ज किया गया।खास बात यह रही कि दोनों ही कक्षाओं में सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों से बेहतर रहा। कक्षा 12वीं में सरकारी स्कूलों का परिणाम 81.01 प्रतिशत जबकि प्राइवेट स्कूलों का 75 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 10वीं में सरकारी स्कूलों के 71.48 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों के 65 प्रतिशत छात्र सफल रहे।जिले के इन होनहार विद्यार्थियों की सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गुना जिले में खुशी का माहौल है। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इसे कड़ी मेहनत, अनुशासन और बेहतर मार्गदर्शन का परिणाम बताया है। 10वीं और 12वीं में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल ने शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान उन्होंने उन छात्रों की भी हौसला अफजाई की जो इस परीक्षा में पास नहीं हो सके उनसे और मेहनत करके फिर से सफलता पाने की बात कही है। कलेक्टर ने शिक्षकों अभिभावकों एवं बच्चों को मार्गदर्शन देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।

## शारदा विद्या निकेतन विद्यालय का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

गुना - माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक एवं. उच्चतर. माध्यमिक परीक्षा में शारदा विद्या निकेतन विद्यालय का परीक्षा परिणाम सर्वोत्कृष्ट रहा जिसमें कक्षा 10 व 12 में सभी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अद्वितीय सफ़लता प्राप्त की।कक्षा 10 में छात्रा कु खुशी रोशन ने 93.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, छात्रा लक्ष्मी रघुवंशी ने 92.5% अंक प्राप्त कर तथा छात्र: हर्ष जाट ने 92% अंक प्राप्त कर क्रमश द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया कर विद्यालय को गौरवान्वित किया. अपनी कक्षा 12 में छात्र पीयूष मेहर ने 88.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही छात्र सूर्यांश रघुवंशी ने 88%, छात्रा रोशनी यादव ने 84%, अंक प्राप्त कर क्रमश: द्वितीय और तृतीय, स्थान प्राप्त किया।इस सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि का श्रेय छात्रों ने विधालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले उत्कृष्ट शैक्षिक सुविधाओं और संसाधनों को दिया. इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अमित सोगानी एवं प्राचार्य श्री दिनेश अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की




## बोर्ड परीक्षाओं में एमएलबी स्कूल का रिजल्ट रहा शानदार, 101 छात्राओं को मिलेंगे लैपटॉप

गुना। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी का 88 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं की कुल 101 छात्राओं ने 75 फ़ीसदी से अधिक अंक हासिल किये। शासन की योजना के तहत इन सभी छात्राओं को लैपटॉप दिए जाएंगे। इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सेना ने समस्त स्टाफ व छात्राओं को बधाई दी है।आज घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं की छात्रा लक्ष्मी धाकड़ ने 500 में 472अंक प्राप्त कर 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि विद्यालय में कक्षा बारहवीं में टॉपर कॉमर्स संकाय की छात्रा शिवांशी जाटव रही। उन्होंने 500 में 457 अंक के साथ 91.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य ने टॉपर छात्राओं का मुंह मीठा कराकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया और बधाई दी। प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सेना ने बताया कि हाई स्कूल में 201 छात्राएं प्रथम, 26 छात्राएं द्वितीय तथा एक छात्र तृतीय श्रेणी उत्तीर्ण हुई।जबकि हायर सेकेंडरी में 330 छात्राओं ने प्रथम तथा 50 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की।प्राचार्य ने बताया कि उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए वर्ष भर एक कार्य योजना बनाकर अध्ययन कराया गया तथा कमजोर छात्राओं के लिए विशेष कक्षाएं भी संचालित की गई, जिससे बोर्ड परीक्षा में स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा और जिले में अपना परचम लहराया।



## नगर के इवेंट

### नगर पालिका अधिकारियों ने किया स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण

**गुना।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी सहित जनप्रतिनिधियों ने वार्ड क्रमांक 34 एवं 36 में स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। वार्ड पार्षद सचिन धूरिया एवं अब्दुल हलीम गाजी ने क्षेत्र में निर्माण कार्य कराने का अनुरोध किया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका टीम के अमित आर्य, शकील खान, बृजमोहन खरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कुंभराज पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**गुना।** कुंभराज थाना पुलिस ने रंगदारी और गंभीर मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 12 अप्रैल 2026 को फरियादी दीपक गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि टेकरी मंदिर के पास कुछ लोगों ने उससे शराब के लिए पैसे मांगे। मना करने पर आरोपियों ने उसके साथियों सहित डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में कुंभराज थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र मोगिया (25) निवासी टपरा कॉलोनी, कुंभराज को गिरफ्तार किया।पुलिस टीम में थाना प्रभारी पंकज त्यागी, उपनिरीक्षक होतम सिंह बघेल, आरक्षक अभिषेक शर्मा और दिलीप धाकड़ की भूमिका रही।



### कोतवाली पुलिस ने चेक बाउंस मामले में फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**गुना।** कोतवाली पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, प्रकरण क्रमांक 773/19 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत आरोपी नरेंद्र कुमार सोनी निवासी दुर्गा मंदिर के पास, गुना न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक चंचल तिवारी, प्रधान आरक्षक दिग्लेश धाकड़, रंजीत रघुवंशी एवं रामकुमार रघुवंशी की भूमिका रही।

### डायल 112 की तत्परता से नाबालिग बालिका को परिजनों तक पहुंचाया गया

**गुना।** धरनावदा थाना क्षेत्र में डायल 112 की टीम ने परवाह-बांसखेड़ी मार्ग पर अकेली घूम रही एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया।जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि लगभग 15 वर्षीय बालिका सुनसान रास्ते पर अकेली और घबराई हुई अवस्था में घूम रही है तथा अपने परिजनों के बारे में जानकारी नहीं दे पा रही थी।सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बालिका को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से उसके परिजनों की तलाश की गई और उसे सकुशल माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया।

## उपार्जन केंद्र पहुंचे कलेक्टर ने गेहूं तुलाई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

# साहब का अंदाज निराला है...अब किसानों को माला पहनाकर किया आत्मीय स्वागत

### किसानों की सुविधा और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



चाहे कोई उन्हें नेतागिरी की रिहर्सल करने वाला कहे चाहे कोई सांसद विधायक का चुनाव लड़ने की तैयारी में शुमार बताएं। लेकिन हकीकत तो यह है कि कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल का अंदाज कुछ निराला है। वह अपने अंदाज को किसी के कहने या तंज करने से बदलने वाले नहीं है।

गत दिवस सार्वजनिक मंच पर देखने को मिली छींटा कशी के बाद भी वे अपने चिर परिचित अंदाज में नजर आए ,उन्होंने जहां वीडियो संदेश के माध्यम से 10वीं और 12वीं में जिले का नाम रोशन करने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए असफल हुए छात्रों को भी आगे का मार्ग प्रशस्त करने का मंत्र दिया तो वहीं किसानों के बीच पहुंचकर एक शुभचिंतक की भांति उनसे वार्तालाप किया और किसानों को माला पहनकर स्वागत सत्कार भी कर दिया तब एक बार फिर से उनके द्वारा लाडली बहनों पर की गई पुष्प वर्षा लोगों को याद आ गई।संचालन प्रणाली का सूक्ष्म परीक्षण कियाजिले में समर्थन मूल्य पर संचालित उपार्जन कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने हेतु कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा बुधवार को नानाखेड़ी मंडी स्थित उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गुन शिवानी पाण्डेय, जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय, उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा, मण्डी सचिव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण एवं संपूर्ण संचालन प्रणाली का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा में संपादित किया जाए, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य बिना किसी विलंब के प्राप्त हो सके।

#### 27 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुना मंडी स्थित दो उपार्जन केंद्रों पर अब तक 12 किसानों से 269 क्विंटल गेहूं एवं 210 क्विंटल मसूर की खरीदी की जा चुकी है, जो निरंतर जारी है। जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु कुल 27 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां नियमित निगरानी के साथ आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

#### फसल का भुगतान 2 से 7 दिवस के भीतर सीधे बैंक खातों में

कलेक्टर ने किसानों से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि उपार्जित फसल का भुगतान अधिकतम 2 से 7 दिवस के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी प्राप्त किए। इस अवसर पर किसानों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। साथ ही पराली न जलाने के लिए प्रेरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया एवं व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया गया।

#### मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण

कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए पेयजल, छायादार स्थल बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि केंद्र पर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक का लाभ

किसानों द्वारा बताया गया कि समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदी से उन्हें अतिरिक्त लाभ प्राप्त हो रहा है। मसूर में लगभग 900 से 1000 रुपये प्रति क्विंटल तथा गेहूं में 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक का लाभ मिल रहा है।

## 13 साल बाद मिला हक: नपाध्यक्ष सविता गुप्ता की पहल से 46 भूखंडों का नामांतरण

### जैन समाज ने किया अभिनंदन लंबित मामला कुछ ही दिन में सुलझा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की पहल से 13 वर्षों से लंबित जैन समाज के 46 भूखंडों के नामांतरण का मामला आखिरकार सुलझ गया। बीजी रोड स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन पुण्योदय अतिशय तीर्थक्षेत्र (नसियांजी) से जुड़े इस प्रकरण में नपाध्यक्ष ने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए महज कुछ ही दिनों में सभी फाइलों का निराकरण कर दिया।

यह मामला वर्ष 2013 का है, जब मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज के वर्षायोग के दौरान समाजजनों ने धार्मिक कार्यों के लिए करीब 13 बीघा भूमि के 46 प्लॉट तीर्थक्षेत्र कमेटी को दान दिए थे। बिना किसी लेनदेन के हुए इस दान के बावजूद प्रशासनिक प्रक्रिया में देरी के चलते नामांतरण वर्षों तक अटका रहा। दो नपाध्यक्षों के कार्यकाल गुजरने के बाद भी मामला लंबित ही रहा।हाल ही में कमेटी पदाधिकारियों ने नपाध्यक्ष से मुलाकात कर समस्या रखी। इस पर उन्होंने तत्काल फाइलें मंगवाकर परीक्षण किया और एक साथ सभी नामांतरण स्वीकृत कर दिए।इस उपलब्धि पर जैन समाज ने नगरपालिका पहुंचकर नपाध्यक्ष सविता गुप्ता और भाजपा नेता अरविंद गुप्ता का भव्य स्वागत किया। समाज की ओर से पुष्पमालाएं पहनाकर एवं भगवान शांतिनाथ की तस्वीर, शॉल-श्रीफल भेंट कर आभार जताया गया।नपाध्यक्ष ने कहा कि यह सामाजिक-धार्मिक कार्य प्राथमिकता से पूरा किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नामांतरण से जुड़े सभी मामलों का त्वरित निराकरण किया जाएगा और यदि कोई कर्मचारी पैसों की मांग करता है तो सीधे शिकायत की जा सकती है।इस दौरान तीर्थक्षेत्र कमेटी ने ज्ञापन सौंपते हुए नसियांजी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, चौधरन मिश्रीबाई धर्मशाला के नामांतरण और आसपास के अतिक्रमण हटाने की मांग भी रखी। समाज ने नपाध्यक्ष से अन्य कार्य भी शीघ्र पूर्ण होने की उम्मीद जताई।

## एसएल मेमोरियल सीबीएसई का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एसएल मेमोरियल सीबीएसई स्कूल का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 118 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनमें सभी सफल रहे।विद्यालय में प्रथम स्थान सचदेव रघुवंशी ने 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नेहा जैन ने 93.2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान अकरुति लोनकर ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया।इस उत्कृष्ट परिणाम पर डायरेक्टर संतोष यादव सहित समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।




## भैयालाल गुर्जर पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग गुर्जर समाज ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

**गुना।** गुर्जर समाज के वरिष्ठ सदस्य भैयालाल गुर्जर पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग को लेकर बुधवार को समाज के बड़ी संख्या में लोग पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए मामले में निष्पक्ष जांच और एफआईआर निरस्त करने की मांग की।समाजजनों का कहना है कि भैयालाल गुर्जर एक सम्मानित एवं वरिष्ठ व्यक्ति हैं, जिन पर दर्ज की गई एफआईआर निराधार और दुर्भावनापूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की सही तरीके से जांच नहीं की गई है, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है।ज्ञापन के माध्यम से गुर्जर समाज ने प्रशासन से जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते एफआईआर वापस नहीं ली गई, तो समाज को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे और एकजुट होकर अपनी मांग को जोरदार तरीके से उठाया।



### अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित कर की विस्तृत समीक्षा

# जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को मिलेगी नई दिशा : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत गुना अभिषक दुबे सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देशित करते हुए कहा वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को सहेजना और पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना अभियान का मुख्य उद्देश्य है, जिसे सभी विभाग गंभीरता से सुनिश्चित करें। इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार से जुड़े विविध कार्य किए जा रहे हैं, जिससे जिले में जल संसाधनों के संरक्षण को नई दिशा मिल रही है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत कूप रिचार्ज पिट, खेत तालाब, अमृत सरोवर, तालाब निर्माण, कंटूर ट्रेंच सहित विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही तालाबों, बावड़ियों और नदियों की साफ-सफाई तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य भी प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर उन्हें उपयोगी बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर, खेत तालाब और अन्य जल संरचनाओं में वर्षा जल संग्रहित होने से किसानों को सिंचाई, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन जैसे कार्यों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि होगी। कलेक्टर कन्याल ने बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें।

## समाचार संक्षेप

### धार्मिक अनुष्ठान व भक्तांबर पाठ के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

आरोन। नगर की नई मंडी क्षेत्र में बुधवार को 'गुरु कृपा स्टोरटेक्स' प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विधायक ने विधिवत फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया तथा व्यवसाय की उन्नति और सफलता की कामना की।कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई। इस दौरान श्रद्धा एवं भक्ति के माहौल में भक्तांबर पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता का संचार हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।यह प्रतिष्ठान नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन द्वारा स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।अपने संबोधन में विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि ऐसे नए प्रतिष्ठानों के खुलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलती है। उन्होंने मिंटूलाल जैन को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा उपस्थित जनों को मिठाई वितरित की गई।



### ग्राम मुड़रा खुर्द में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती

आरोन । ग्राम मुड़रा खुर्द में मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भंते जी, रम्भूलाल, सरपंच भमरलाल, कार्यकर्ता गोलू, दरबार, सिनाम, थानसिंह, सोनू, निखिल, शिवकुमार, राजपाल, सुमीत, धर्मेंद्र, भीमराज, चंद्रप्रकाश, सचिन, शिशुपाल, सौरभ, मोनू, विरमाल, अभिषेक, विशन,मुकेश, नेमसिंह ,अंकित, गौरव, अखिलेश, गोलू, रतन सिंह,छोटेलाल,रामसिंह, वीरसिंह,देवेंद्र,राधे, राजा, राम,बृजभान बौद्ध कुमार मिथुन सीताराम रवि जितेन हरि प्रकाश सहित समस्त गांववासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन 'जय भीम, जय संविधान' के उद्घोष के साथ हुआ।




### किसानों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

आरोन। अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन (**AIKKMS**) के नेतृत्व में किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।किसान नेताओं अजयपाल व नीलेश बैरागी ने मंडी में तौल में गड़बड़ी, **MSP** पर खरीदी शुरू करने, अधिक खरीद केंद्र बनाने और समय पर भुगतान की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि तौल में 15–20 किलो तक का अंतर आ रहा है, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है।किसानों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।




# उत्कृष्ट राघौगढ़ में पांच दिवसीय अम्बेडकर जयंती महोत्सव का कार्यक्रम हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में विगत 10 अप्रैल से चल रहे भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती समारोह का समापन हुआ।

कार्यक्रम मेंअमित सोनी एस डी एम राघौगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में एवं राजेन्द्र कुमार वास्त्री वरिष्ठ समाज सेवी राघौगढ़ व गिर्राज सिंह राजपूत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। अतिथि के रूप में डॉ अरविंद कुमार तिवारी बी ई ओ, श्रीमती पूर्णिमा पारीक प्राचार्य कन्या हायर सेकेंडरी, सुश्री पल्लवी पाराशर प्राचार्य आई टी आई, मुकेश कुमार शर्मा सी ओ आदिमजाति कल्याण विभाग, पी सी ओ मीना जनपद पंचायत राघौगढ़ अंजू सिंह प्रशिक्षण अधिकारी आई टी आई उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं बाबा साहब अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि गणों के स्वागत उपरांत प्रतिभागी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियाँ हुईं। मुख्य अतिथि के रूप में अपना उद्बोधन देते हुए एस डी एम अमित सोनी ने कहा कि अमीरी गरीबी, ऊँच नीच एवं छुआछूत को केवल शिक्षा से ही समाप्त किया जा सकता है। उद्बोधन के क्रम में सी ई ओ जनपद पंचायत बी ई ओ राघौगढ़ एवं प्राचार्य द्वय ने भी बाबा साहब अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से बताया। अध्यक्षीय आसंदी से बोलते हुए प्राचार्य उत्कृष्ट एस सी आर्य ने बाबा साहब के सिद्धांतों को अपने जीवन में सम्मिलित करने का आह्वान किया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भी बड़े उत्साह से कार्यक्रम में सहभागिता की।विद्यालय परिवार के लक्षण सिंह अहिरवार अमित शर्मा, शाविर अलि, आकाश शॉ, पिंकी कुशवाह, कविता शर्मा संगीता बुनकर आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन ललित वास्त्री ने एवं आभार ज्ञापन डॉ विपिन विहारी शर्मा द्वारा किया गया।

# एसडीएम चांचौड़ा ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चाचौड़ा रवि मालवीय द्वारा बुधवार को उपार्जन केंद्र पेंची एवं बीनागंज का गहन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, प्रतीक्षा कक्ष, टेबल-कुर्सी, पेयजल, शौचालय, उपार्जन उपकरण, बैनर, भुगतान एवं गुणवत्ता संबंधी जानकारी, टोल फ्री नंबर सहित विभिन्न सुविधाओं की जांच की।इसके साथ ही अग्निशमन यंत्र, ड्रेनेज व्यवस्था, रेत, ट्रिपल बाल्टी, तौल कांटे, हेल्प डेस्क, गुणवत्ता परीक्षण कक्ष एवं भंडारण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया।इस दौरान एसएडीओ कृषि विभाग, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खाद्य विभाग, समिति प्रभारी एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

# पेंशनर संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, लंबित राहत राशि देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़



बुधवार को शासकीय पेंशनर संघ द्वारा राघोगढ़ में विधायक जयवर्धन सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में पेंशनरों की विभिन्न लंबित मांगों को उठाया गया।संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा पेंशनरों को शासकीय कर्मचारियों की तुलना में 6 माह की देरी से पेंशन राहत दी जा रही है, जिससे अब तक कुल 81 माह की राहत राशि लंबित है। उन्होंने इस विसंगति को दूर करते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की।इसके साथ ही गुना जिले में शिक्षकों को अर्जित अवकाश का नगदीकरण (एन्कैशमेंट) नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया गया और जल्द समाधान की मांग की गई।इस अवसर पर संघ के सलाहकार जे.पी. भार्गव, आर.बी.एस. परिहार, बलबीर सिंह गुर्जर, नरेन्द्र कुमार वास्त्री, प्रमोद श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, सत्यव्रत साहू, दयाराम बुनकर, फिरोजुद्दीन पासा, जे.पी. शिवहरे, रमेश चंद सैनी, मानसिंह यादव, मोहन बैरागी, बसंती सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विधायक जयवर्धन सिंह ने विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

आरोन। क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह ने अंबेडकर जयंती एवं सेन महाराज जयंती कार्यक्रमों में शामिल होकर समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं सेन महाराज के समाज सुधार कार्यों को भी सराहा।दौरे के दौरान विधायक ने झाझोन, भेसहना, देवरी व आरोन में शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।



# जागरूकता, समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इस बीमारी को हराया जा सकता है: सिकरवार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




आज के समय में कैंसर एक तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी बन चुकी है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि सही जानकारी और जीवनशैली में बदलाव से इसके खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

कैंसर से डरें नहीं, बल्कि जागरूक बनें। समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इस बीमारी को हराया जा सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम कैंसर जैसी घातक बीमारी से खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।आज सरकार कैंसर के इलाज के लिए आधुनिक चिकित्सा पद्धति का प्रयोग कर रही है और आने वाले समय और भी उन्नत तकनीक से इस लाइलाज मानने वाली बीमारी का उपचार संभव होगा ।

ये बात भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ,शाखा गुना द्वारा आयोजित विशाल निःशुल्क कैंसर रोग परीक्षण एवं परामर्श शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ज़िलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कही ।इस अवसर डॉ बी आर श्रीवास्तव,डॉ विक्रम सक्सेना,डॉ निर्मल सोनी,डॉ तमोघ्न जाना,डॉ रामवीर रघुवंशी,आशीष मंगल,जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ,प्रदीप जैन आदि उपस्थित रहे ।

### लूट की वारदात का खुलासा, अन्य मामलों में भी संलिप्तता की पुष्टि

# फिरौती के लिए अपहरण करने वाला इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशान्त यादव एवं उनकी टीम द्वारा सराहनीय कार्यवाही करते हुए फिरौती हेतु अपहरण करने वाले एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

उल्लेखनीय है कि 25 मार्च को आवेदक अविरल जैन पुत्र राकेश जैन उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4, नरसिंह मंदिर के पास, चंदेरी द्वारा थाना चंदेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह नानकपुर से सकवारा गांव जा रहा था, तभी रास्ते में तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर उसका अपहरण किया गया। आरोपियों द्वारा उसे सकवारा से लगभग 8-10 किमी दूर हीरावल ले जाकर मारपीट की गई तथा कट्टे की नोक पर 5 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई। आरोपियों द्वारा उसे समय देकर छोड़ दिया गया, जिसके पश्चात वह परिजनों के साथ थाना चंदेरी उपस्थित हुआ। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चन्देरी को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रानू बुन्देला को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया जा चुका है। शेष आरोपीगण इंदू उर्फ राजा पुत्र छत्रपाल बुन्देला निवासी ग्राम टोडा, भगोले उर्फ रनवीर बुन्देला निवासी ग्राम जमुसर एवं जगदीश पटेल निवासी ललितपुर घटना के बाद से फरार चल रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। इसी क्रम में प्रकरण का मुख्य आरोपी इंदू उर्फ राजा बुन्देला को राजघाट क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अभिरक्षा में पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों भगोले उर्फ रनवीर बुन्देला एवं जगदीश पटेल के साथ मिलकर उक्त अपहरण की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। साथ ही आरोपी द्वारा थाना हैदरगढ़ जिला विदिशा क्षेत्र में लगभग 15 लाख रुपये की लूट की वारदात में संलिप्तता भी स्वीकार की गई है।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

# महिलाओं के अधिकारों और 33 प्रतिशत आरक्षण पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला अशोकनगर द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन चंदेरी स्थित दुर्गा पार्क में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों की जागरूकता एवं महिलाओं के लिए प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार चंदेरी दिलीप दरोगा उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अखिलेश पटेल, प्रभारी परियोजना अधिकारी मिथलेश रैकवार, जिला समन्वयक रॉकेट लर्निंग (मिशन नींव) विपिन रघुवंशी सहित विभाग के समस्त सेक्टर सुपरवाइजर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तहसीलदार दिलीप दरोगा ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य शर्त है। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करेगा, जिससे समाज में संतुलित विकास संभव होगा। कार्यक्रम में नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है और सरकार द्वारा दिए जा रहे अवसरों का लाभ लेकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अखिलेश पटेल ने कहा कि नारी शक्ति को सम्मान और अवसर देकर ही हम एक मजबूत समाज की स्थापना कर सकते हैं। प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती मिथलेश रैकवार ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने बैठक कर बनाई कार्ययोजना



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

वुधवार को नया बस स्टैंड प्रांगण मंदिर पर आउटसोर्स कर्मचारी की मांगों एवं समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ की बैठक भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री शिशुपाल यादव द्वारा किया गया। प्रदेश के आवाहन पर मध्य प्रदेश के सभी जिलों में 21 अप्रैल 2026 को भारतीय मजदूर संघ आउटसोर्स कर्मचारियों की मांग/समस्याओं को लेकर जिलों में आंदोलन धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन देगा। धारण प्रदर्शन आदि की तैयारी के संबंध भारतीय मजदूर संघ द्वारा बैठक का आयोजित की गई

#### ज्ञापन में प्रमुख मांगे

- आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए प्रदेश में निगम/मण्डल का गठन किया जाए।
- श्रम कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए।
- आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान कि जाए।
- समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए।
- ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण बंद हो।
- 08 घंटे से अधिक काम थोपना बंद हो और अतिरिक्त कार्य का ओवरटाइम दिया जाए।

बैठक में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष धनपाल सिंह यादव रामकुमार यादव राहुल रघुवंशी अभिषेक रघुवंशी सुनील शर्मा सतीश रघुवंशी वीरभद्र यादव देवेंद्र केवट गौरव नामदेव प्रतिराज यादव राहुल रघुवंशी राजेश कुशवाहा अर्जुन यादव सतपाल यादव आदि सभी बिजली विभाग स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग आदि विभिन्न विभागों के आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### 6 जेसीबी लेकर पहुंचा राजस्व-पुलिस व वन अमला, बड़ी संख्या में खोदे कंटूर ट्रेंच

### 6 जेसीबी की मदद से प्रशासन ने अवैध कब्जों को हटाया

# प्रस्तावित नाहरगढ़ बांध के डूब क्षेत्र में आ रही 40 हेक्टेयर वनभूमि से सख्ती के साथ हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



बुधवार को क्षेत्र के नाहरगढ़ गांव के पास प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। बुधवार सुबह वन विभाग के अधिकारी, राजस्व एवं पुलिस अमले के साथ 6 जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और प्रस्तावित नाहरगढ़ बांध के डूब क्षेत्र में आ रही 40 हेक्टेयर जमीन से दर्जनों लोगों के अवैध कब्जे हटाए।

इस दौरान जमीन को सुरक्षित करने के लिए बड़ी संख्या में कंटूर ट्रेंच भी खोदे गए हैं। बताया गया है कि प्रशासन द्वारा इन कब्जों को हटाने के लिए लंबे समय से तैयारी की जा रही थी। इंतजार था तो केवल रबी सीजन की फसलों के कट जाने का। जैसे ही सभी खेतों से फसलें काट ली गईं तो बुधवार को एसडीएम मुंगावली इसरार खान, तहसीलदार बहादुरपुर कैलाष मालवीय, थाना प्रभारी बहादुरपुर नीलम सिंह यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी ऋषिकेष प्रजापति बड़ी संख्या में पुलिस, वन एवं राजस्व अमले के साथ नाहरगढ़ पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा भी कोई विरोध नहीं किया गया।

#### कमांड क्षेत्र में पांच गांव, दो को लिफ्ट से मिलेगा पानी

जल संसाधन विभाग के मुताबिक इस बांध से नहर के माध्यम से 750 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होगी, जिसके कमांड एरिया में मथाना, पुरा, अमोढा, रुसल्ली व पिपरोद्या गांव शामिल है। साथ ही ढोंडिया व बेगमपुर गांव को बांध से लिफ्ट के माध्यम से पानी मिलेगा। इससे इस बांध के बनने से जहां सात गांवों की जमीनों की सिंचाई होगी, तो वहीं आसपास के गांवों में भी भू-जलस्तर बढ़ जाएगा। नाहरगढ़ में बांध बनवाने की क्षेत्रवासियों द्वारा करीब 30 साल से मांग की जा रही है। वर्ष 2020 के उपचुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चैहान ने नाहरगढ़ बांध की घोषणा की थी। इसके डूब क्षेत्र में वन भूमि आ रही थी तो वन विभाग को बदले में अन्य जगह जमीन दी गई। इस बांध से सिंचाई क्षमता बढ़ेगी और क्षेत्र के भू-जलस्तर में भी सुधार आएगा। जल्दी बांध निर्माण शुरु होगा।

### सीएमओ ने दिए गबन के दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता मारुति मेला पार्षदों ने घेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭शाढौरा

स्थानीय मारुति मेले में व्याप्त भारी अव्यवस्थाओं और आर्थिक अनियमितताओं को लेकर पार्षदों और स्थानीय नागरिकों ने मोर्चा खोल दिया है। सुविधाएं शून्य, वसूली फुल के नारे के साथ जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर मेले की कड़वी हकीकत से रूबरू कराया।

#### जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को दिखाया आईना

मेला परिसर में मची लूटखसोट की शिकायतों के बाद पार्षद राकेश रघुवंशी, पार्षद प्रतिनिधि रवि मोहने, नीतू शर्मा, कैलाश सिंह, विशाल रघुवंशी और शहीद पठान सहित बड़ी संख्या में आमजन एकत्रित हुए। इन्होंने नगर परिषद सीएमओ शमशाद पठान और सब इंजीनियर आजाद जैन को तत्काल मेले में बुलाया और मौके पर ही चल रही धांधली के प्रमाण दिए।

#### रसीद में खेल और अवैध दुकानों का जाल

चर्चा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को बताया कि कर्मचारी दुकानदारों से मोटी रकम वसूल रहे हैं, लेकिन उन्हें कम पैसों की रसीद थमाई जा रही है। इसके अलावा, ब्लॉक से बाहर अपनी मर्जी से दुकानें लगवाकर निजी जेबें भरी जा रही हैं, जिससे नगर परिषद के राजस्व को सीधा चूना लग रहा है।

#### प्रशासन का सख्त रुख कार्रवाई का भरोसा

जनप्रतिनिधियों के कड़े विरोध और साक्ष्यों को देखने के बाद सीएमओ शमशाद पठान ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने मौके पर ही निम्नलिखित निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### चंदेरी की बेटी विजेता बुंदेला ने रचा इतिहास

**अशोकनगर।** जिले की तहसील चंदेरी के शासकीय मॉडल स्कूल चंदेरी की मेधावी छात्रा कुमारी विजेता बुंदेला ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में नौवां स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे चंदेरी क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रा की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर चंदेरी के अनुविभागीय दंडाधिकारी मनीष धनगर ने उन्हें अपने कार्यालय में आमंत्रित कर विशेष रूप से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विजेता को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विजेता की यह सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है और सीमित संसाधनों में भी कड़ी मेहनत से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सम्मान समारोह के दौरान विजेता बुंदेला ने अपनी सफलता के सूत्र साझा किए। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में प्रशासनिक सेवा आईएएस में जाकर समाज और देश की सेवा करना चाहती हैं। विजेता ने कहा, ष्मेरा सपना है कि मैं एक अधिकारी बनकर चंदेरी जैसे क्षेत्रों के विकास में अपना योगदान दे सकूं। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विजेता ने अपने माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य रामसहाय कटारे और अपने शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि प्राचार्य महोदय के कुशल मार्गदर्शन और शिक्षकों द्वारा कराए गए गहन अध्यापन कार्य की बदौलत ही वे आज इस मुकाम पर पहुँच पाई हैं। विद्यालय में पढ़ाई का अनुशासित माहौल और शिक्षकों का निरंतर सहयोग उनकी सफलता की नींव बना।

### जलालपुर में शराब दुकान बंद कराने की मांग

**शाढ़ौरा।** जलालपुर में पूर्व से कोई शराब दुकान नहीं है, लेकिन दिनांक 14 अप्रैल से किसी अन्य ठेकेदार द्वारा ग्राम जलालपुर में स्कूल के पास शराब दुकान खोलकर शराब का अवैध रूप से विक्रय किया जा रहा है। जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो शराब दुकान के कर्मचारियों ने ग्रामीणों से अभद्रता की। तब सभी ग्राम वासियों ने एकजुट होकर एक पंचनामा तैयार किया है और कलेक्टर को आवेदन देकर गांव में स्कूल के पास अवैध रूप से खोली गई शराब दुकान को बंद कराने की मांग की जा रही है।

### कुएं में डूबने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम महुआलमपुर में विकास पुत्र बलवीर कुशवाह की कुए के पानी में नहाने के दौरान मौत हो गई। वह खेत में गेहूं की बालियां बीनने गया था, तभी उसे गर्मी लगने लगी और वह नहाने की कहकर चला गया। जिसके बाद वह कुए में डूब गया।

गत वर्ष से हाई स्कूल का 5 प्रतिशत परिणाम घटा, और हायर सेकंड्री का 5 प्रतिशत बढ़ा

# जिले में हाई स्कूल का 66.78 प्रतिशत और हायर सेकंड्री का परीक्षा परिणाम 76.96 प्रतिशत रहा

जिले में हाई स्कूल की प्रदेश मेरिट सूची में 7 छात्र छात्राएं शामिल, अशोकनगर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किये गये। जिले से हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में 7 छात्र छात्राओं ने अपना स्थान बनाया है। जबकि हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में एक भी छात्र छात्रा का नाम शामिल नहीं है। जिले में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 66.78 रहा और हायर सेकेण्ड्री का परीक्षा परिणाम 76.96 प्रतिशत रहा। गतवर्ष 2025 में कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम 72.38 प्रतिशत रहा था वहीं कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 71.93 प्रतिशत रहा था










अनन्या जैन


नेहा लोधी।


आफताब आलम


नंदिनी राठौर


पूजा यादव


राधिका यादव


आशु शर्मा


जया शर्मा


अंशु रघुवंशी


सरस्वती शिवहरे


संजू यादव

अशोकनगर के छात्र छात्राओं ने जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले से हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 9170 परीक्षार्थी शामिल होना थे जिसमें 4717 छात्र और 4453 छात्राएं शामिल थीं। जिनमें कुल 66 छात्र अनुपस्थित रहने के बाद कुल संख्या 9104 रहीं जिसमें दो परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल नहीं किया गया, जिसके बाद 9102 परीक्षार्थी शामिल रहे, जिसमें प्रथम श्रेणी में 2158 छात्र और 2790 छात्राएं शामिल रहीं। द्वितीय क्षेणी में 685 छात्र और 443 छात्राएं रही, 3023 परीक्षार्थी अनुत्रीण हुए। जिले में छात्राओं का प्रतिशत 72.96 और छात्रों का प्रतिशत 60.92 रहा। इसी प्रकार 1426 प्राइवेट परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें 850 छात्र और 576 छात्राएं शामिल थीं, जिसमें प्रथम क्षेणी में 18, द्वितीय श्रेणी में 83, तृतीय क्षेणी में 41 परीक्षार्थी उत्रीण हुए।

इसी प्रकार हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में 6801 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें छात्र 3345 और छात्राएं 3456 थीं, प्रथम श्रेणी में 1954 छात्र और 2432 छात्राएं पास हुई, जबकि द्वितीय श्रेणी में 847 कुल पास रहे। 1568 परीक्षार्थी फेल हुए जिनमें 903 छात्र और 665 छात्राएं शामिल हैं। जिले में छात्रों का प्रतिशत 73 और छात्राओं का प्रतिशत 80.76 रहा।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल परीक्षा में मेरिट सूची में इन छात्र-छात्राओं ने प्रदेश में जगह बनाई

माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में अशोकनगर जिले के छात्र छात्राओं ने जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया है। इस सूची में 7 छात्र छात्राओं ने प्रदेश में अपना स्थान बनाया जिसमें प्रदेश में 5वे नबंर पर टॉपर सूची में अनन्या जैन पुत्री अनिल जैन मां कान्वेंट स्कूल मुंगावली रहीं हैं उन्हें 495 अंक प्राप्त हुए हैं, सातवे स्थान पर प्रदेश में नंदिनी राठौर पुत्री राजेश राठौर दीक्षा पव्लिक स्कूल ईसागढ़ रहीं, उन्हें 493 अंक प्राप्त हुएं हैं। इसी प्रकार आठवे क्रम पर आफताव आलम पुत्र अबरार खान मां कॉन्वेंट स्कूल मुंगावली के छात्र रहे हैं, उन्होंने 492 अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार 8वे क्रम पर ही तक्ष शिला ज्ञान मंदिर स्कूल पिपरई की छात्रा रिद्धि सोंलकी रहीं है उन्होंने 492 अंक प्राप्त किए हैं। 8वे क्रम पर ही ब्लू चिप स्कूल अशोकनगर की छात्रा नंदिनी रघुवंशी पुत्री राजीव रघुवंशी रहीं हैं, उन्होंने 492 अंक अर्जित किए हैं। प्रदेश की टॉपर सूची मं 9वें स्थान पर विजेता बुन्देला पुत्र धर्मेन्द्र कुमार बुन्देला शासकीय माध्यमिक उच्चतर विद्यालय चंदेरी रहीं हैं, उन्होंने 491 अंक अर्जित किए। इसी प्रकार 9वे क्रम पर ही अशोकनगर सांदीपनि मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा नेहा लोधी पुत्री जयप्रकाश लोधी रहीं हैं उन्होंने 491 अंक अर्जित किए हैं।

### हाई स्कूल परीक्षा में जिले की टॉपर सूची में वीरा जैन प्रथम स्थान पर रहीं

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के घोषित किए गये परिणाम में जिले की टॉपर सूची में 10 छात्र-छात्राओं ने स्थान बनाया है। जिसमें पहले स्थान पर वीरा जैन पुत्री अमित जैन मां कॉन्वेंट स्कूल मुंगावली रहीं, जिन्हें 489 अंक प्राप्त हुए, दूसरे स्थान पर संजय अहिरवार पुत्र सुरेश अहिरवार सेंट मीरा कॉन्वेंट स्कूल मुंगावली रहे जिन्हें 488 अंक प्राप्त हुए। दूसरे ही स्थान पर सुभाना पठान पुत्री साजिद खान मॉडल स्कूल चंदेरी रहीं जिन्हें भी 488 अंक प्राप्त हुए, द्वितीय स्थान पर ही आदित्य ओझा पुत्र शिवनारायण ओझा शासकीय मॉडल हायर स्कूल चंदेरी रहे जिन्हे 488 अंक प्राप्त हुए। तृतीय स्थान पर तमन्ना यादव पुत्री रामवीर सिंह यादव दीक्षा पब्लिक स्कूल ईसागढ़ रहीं जिन्हें 487 अंक प्राप्त हुए, तृतीय स्थान पर ही अवधि जैन पुत्री सुमित जैन मां कॉन्वेंट स्कूल मुंगावली रहीं, जिन्हें 487 अंक प्राप्त हुए, तृतीय स्थान पर ही सरणजीत कौर पुत्री महलसिंह मां कॉन्वेंट स्कूल मुंगावली रहीं, जिन्हें भी 487 अंक प्राप्त हुए, तृतीय स्थान पर ही रश्मि यादव पुत्री सतेन्द्र यादव एशियन पब्लिक स्कूल रहीं, उन्हें भी 487 अंक प्राप्त हुए। इसी प्रकार तृतीय स्थान पर ही खुशी पुत्री रामकिशन रघुवंशी द्रोपदी पब्लिक स्कूल शाढौरा रहीं, उन्हें भी 487 अंक प्राप्त हुए, तृतीय स्थान पर ही अवनि जैन पुत्री धर्मेन्द्र जैन, मॉडल स्कूल चंदेरी रहीं उन्हें 487 अंक प्राप्त हुए। टॉपर सूची में तृतीय स्थान पर जूही साहू पुत्री मुकेश साहू स्वामी विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री स्कूल अशोकनगर रहीं उन्हें भी 487 अंक प्राप्त हुए।

### हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉपर सूची में यह अव्वल रहे

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉपर सूची में इन छात्रों ने नाम दर्ज कराया। जिनमें अंशु राजा परमार, पुत्र वीरेन्द्र सिंह परमार कला संकाय लेकर संस्कार एकेडमी अशोकनगर के छात्र के रूप में 471 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। कला संकाय में ही राधिका यादव पुत्री कृष्णपाल यादव 467 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहीं, वह शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय की छात्रा हैं। इसी प्रकार जीव विज्ञान विषय के साथ शिवानी त्यागी पुत्री रवि कुमार त्यागी 481 अंक लेकर ब्राइट मॉडल स्कूल अशोकनगर के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञान विषय में ही टीएव्ही पब्लिक स्कूल मुंगावली में राधिका यादव पुत्री यशपाल यादव 477 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहीं, जीव विज्ञान विषय के साथ अर्जुन खरे पुत्र अमरसिंह खरे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाढ़ौरा 475 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार जीव विज्ञान विषय में ही तृतीय स्थान पर मुस्कान लोधी पुत्री मोहर सिंह लोधी मॉडल स्कूल ईसागढ की छात्रा ने 475 अंक प्राप्त किए। कॉमर्स विषय में आयुषी श्रीवास्तव पुत्री हरिओम श्रीवास्तव आदर्श बाल विकास मंदिर अशोकनगर की छात्रा 468 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। कृषि विज्ञान में ही पूजा यादव पुत्री बलराम यादव वर्धमान हायर सेकेण्ड्री स्कूल की छात्रा 470 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। जबकि कृषि विज्ञान में मनप्रीत सिंह पुत्री पूरनसिंह शिवपुरी पब्लिक स्कूल अशोकनगर की छात्रा 469 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही।

### विवेकानंद हायर सेकंड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम यह रहा

कक्षा 10वी एवं 12वी का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, इस परीक्षा में विद्यालय से कक्षा 10 में 89 एवं कक्षा 12 के 30 विद्यार्थी शामिल हुए थे। कक्षा 12वी में 30 में से 26 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमें 12 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।बहन स्नेहा यादव ने गणित में 100 अंक प्राप्त किए एवं 91.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। कक्षा 10 में 89 में 82 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की छात्रा जूही साहू ने 500 में 487 अंक 97.4 प्रतिशत एवं गणित में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

### ब्लू-चिप पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम यह रहा

ब्लू-चिप पब्लिक स्कूल की छात्रा नंदिनी रघुवंशी ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अशोकनगर जिले में प्रथम स्थान एवं पूरे मध्य प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। नंदनी एक छोटे से गांव मल्हावनी की रहने वाली है। नंदिनी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक डॉ प्रकाश रघुवंशी एवं प्राचार्या मनीषा रघुवंशी ने नंदनी एवं उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नंदनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने बताया कि निरंतर अभ्यास और समय का सही प्रबंधन उनकी सफलता का मुख्य कारण रहा। विद्यालय की अन्य छात्र छात्राओं में निकिता ओझा 96.2 प्रतिशत,सलोनी रघुवंशी 93.8 प्रतिशत, राधा यादव 93.4 प्रतिशत, शेखर अहिरवार 93.4 प्रतिशत, आयुषी शर्मा 87 प्रतिशत,नंदनी बारेला 84.4 प्रतिशत, और देव अहिरवार 80.4 प्रतिशत रहा। ज्ञीवाजी पब्लिक हाई स्कूल नईसराय की अंशु रघुवंशी ने 97.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए। ज्ञीवाजी पब्लिक हाई स्कूल, नईसराय ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी 100 प्रतिशत रहा।

टॉप 3 मेधावी छात्रों की सूची में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। जिनमें अंशु रघुवंशी ने कुल 500 अंकों में से 486 अंक 97.2ः प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। संजू यादव ने 473 अंक (94.6ः) के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिवहरे ने 461 अंक (92.2ः) लेकर तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। स्कूल में हर्ष का माहौल जैसे ही परिणाम घोषित हुए, विद्यालय परिसर में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। विद्यालय के शीर्ष 10 छात्रों में साक्षी यादव, शिक्षा रघुवंशी, ऋतिक कुशवाह और लक्ष्मी रघुवंशी जैसे प्रतिभावान छात्रों ने भी 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं।

## सीबीएससी हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम भी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सीबीएससी परीक्षा का परिणाम भी वुधवार को घोषित किया गया जिसमें सिटी पब्लिक स्कूल अशोकनगर के सभी छात्र उत्त्रीण रहे। 3 छात्रों ने सर्वाधिक अंक अर्जित किए जिनमें स्मृति रघुवंशी को 96 प्रतिशत, महिम जैन को 92 प्रतिशत और मधु कुशवाह और आदित्य जैन को 91 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए।

सी बी ए स ई हाईस्कूल में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया नगर का नाम रोशन।



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को घोषित हाईस्कूल वार्षिक परीक्षा परिणाम में शहर की प्रतिभाशाली छात्रा कु. सृष्टि जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। तारा सदन हायर सेकेण्डरी स्कूल, अशोकनगर की कक्षा 10 की छात्रा सृष्टि जैन ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। सृष्टि शासकीय शिक्षक ऋषभ कुमार जैन की सुपुत्री हैं। परिणाम आने के बाद विद्यालय परिवार एवं परिजनों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य ने सृष्टि की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं कड़ी मेहनत को दिया है।

## तक्षशिला हायर सेकेंडरी ज्ञान मंदिर पिपरई के कक्षा 10 व कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**पिपरई।** विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यालय के प्राचार्य मकरंद सिंह चैहान एवं राहुल विश्वकर्मा सर,शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य मकरंद सिंह चैहान ने कहा कि सभी बच्चे पास हुए जिनमें हमारे विद्यालय की बहन रिद्धि सोलंकी पुत्री अनिरुद्ध सोलंकी ने कक्षा 10 में 500 में से



492 अंक प्राप्त करके मध्यप्रदेश की प्रवीण सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है एवं छात्रा श्रद्धा धाकड़ पुत्री अरविंद धाकड़ गणित समूह से 500 में से 461 अंक प्राप्त किए। कक्षा 10के 84 छात्र पास हुए एवं कक्षा 12 के 49 बच्चे पास हुए। कुछ छात्रों ने 95 प्लस अंकों से पास हुए हैं।विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। साथ ही अभिभावकों ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

पूरे दिन सवारियों को बसों से अशोकनगर स्टेशन तक लाया गया

# वैशाखी के मेले के बाद जिले से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के प्रसिद्व आनंदपुर धाम मे वैशाखी पर आयोजित मेले मे हजारो श्रृदालु देश के विभिन्न स्थानो से पहुचे। देश की राजधानी दिल्ली से अशोकनगर आनंदपुर स्पेशल टेन भी पहुची थी। जो मंगलवार को वापिस अशोकनगर से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गई। 24 डिब्बो की इस टेन मे आनंदपुर आए तीर्थ यात्रियो को बसो से पहले अशोकनगर स्टेशन लाया गया । पूरे दिन ट्रस्ट की और प्रायवेट बसें इन यात्रियो को लाने मे लगी रही।

आनंदपुर मे हर वर्ष वैशाखी और गुरूपूर्णिमा के मेले पर स्पेशल टेन चलाई जाती है। इस बार भी यह टेन 12 अप्रैल की सुबह 7 बजे अशोकनगर स्टेशन पर पहुची थी और 15 अप्रैल को वापिस प्रस्थान कर गई। श्री आनंदपुर धाम जाने के लिए टेन की सुविधा नही है। यहा सडक मार्ग से ही पहुचा जा सकता है। इस कारण जो भी यात्री टेन से अशोकनगर आते है। उन्हे ट्रस्ट की बसो द्वारा श्री



आनंदपुर लाया जाता है और वापिस अशोकनगर भेजा जाता है। यह टेन अशोकनगर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर लगाई गई थी। यहा तक आने के लिए यात्रियो को भारी परेशानियो का सामना करना पडा। यात्रियो को या तो पटरी पार कर प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर आना पडा या फिर अशोकनगर के अतुलधाम आश्रम से निकलकर प्लेटफार्म पर पहुचना पडा। यहा एक प्लेटफार्म की कमी साफ नजर आ रही हैं। इस तरह के मेलो के आयोजन के लिए एक प्लेटफार्म बनाया जाना चाहिए ताकि आसानी से यात्री टेने मे बैठ सके।



प्लेटफार्म 3 के बाद जो साइड प्लेटफार्म बना हुआ है। यदि इसे ही प्लेटफार्म क्रमांक 4 के रूप मे विकसित कर दिया जाए तो इससे आनंदपुर जाने और आने वाले यात्री लाभांवित होगे साथ मे जो आधा शहर रेल पटरियो के दूसरी ओर जाके बसा है। वहा के लोगो को भी आने जाने मे सुविधा होगी।

अशोकनगर स्टेशन पर स्पेशल टेन 2 घंटे खडी रही। जैसे जैसे यात्री बसो से आते गए। वैसे वैसे यात्रियो को टेन मे बैठने का मौका मिलता गया। इस टेन मे सभी डिब्बे जनरल थे। प्रत्येक यात्री को दिल्ली से रवाना होने से पहले डिब्बा नंबर प्रदान



किया गया था।जिस डिब्बा नंबर मे वह बैठकर आए थे। वापिसी भी उन्हे उसी डिब्बा नंबर मे की जाना थी। टेन के प्रत्येक डिब्बे के उपर 1 से 24 तक के नंबर लिखे गए थे। जिस यात्री का जो नंबर था वह उस नंबर का डिब्बा तलाशता देखा गया। डिब्बे के उपर नंबर के साथ श्री आनंदपुर स्पेशल टेन लिखा हुआ था। कई यात्री तसल्लीपूर्वक अपना डिब्बा नंबर तलाशते नजर आए और उसके बाद उन्हे जो नंबर दिया गया था। वह उसी नंबर के डिब्बे मे जाकर बैठते हुए देखे गए। यह टेन आनंदपुर मे आयोजित वैशाखी के मेले मे आई संगत को लेकर थी। इसमे सामान्य यात्रीयो को यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाया गया था। टेन मे बैठने के बाद यात्री ओम जयकारा और जय सच्चिदानंद जी महाराज की जय जयकार करते हुए नजर आए। अशोकनगर स्टेशन पर यात्रीयो की सुरक्षा के लिए आरपीएफ और जीआरपीएफ पुलिस तो थी ही साथ मे श्री आनंदपुर के भगत और सेवादार भी अपनी संगत की मदद करते हुए देखे गए।

श्री आनंदपुर मे आयोजित होने वाले इन वार्षिक मेले मे तो यात्री आते ही है। साथ मे पूरे वर्ष भी श्रृदालुओ का आवागमन श्री आनंदपुर के लिए होता है। अगर सामान्य व्यक्तियो को श्री आनंदपुर जाना हो तो उन्हे अलग से कोई बस नही मिलती। यहा के मार्गो पर चलने वाली बसो से ही श्री आनंदपुर पहुचा जा सकता है। हालाकि प्रतिदिन श्री आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही सुखपुर हॉस्पिटल मे इलाज कराने वाले रोगी आते जाते है। अशोकनगर केस आनंदपुर की दूसरी 30 किमी है। ईसागढ से 5 किमी ,चंदेरी से 35 किमी और ललितपुर से 70 किमी है।

### उर्वरकों का वितरण ई-प्रणाली से न करने पर कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के किसानों को 01 अप्रैल से ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली व्यवस्था से उर्वरक वितरण खरीफ सीजन में किये जाने हेतु शासन के निर्देश हैं। इस संबंध में निजी उर्वरक विक्रेताओं को पूर्व में प्रशिक्षण एवं पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया है। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अमित भदौरिया द्वारा नियमों के विरूद्ध उर्वरकों का वितरण करने वाली 04 निजी संस्थाओं कार्तिक ट्रेडर्स नईसरायं, बांके बिहारी कृषि सेवा केन्द्र बहादुरपुर, गणेश कृषि सेवा केन्द्र ईसागढ़ एवं कृषक खाद विक्रय एवं सहायता केन्द्र अशोकनगर को उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश अधिनियम 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में निहित प्रावधानों के उल्लंघन के तहत उर्वरक लायसेंस/विज्ञप्ति को निलंबित कर दिया गया है। समस्त उर्वरक विक्रेताओं ई-विकास पोर्टल के माध्यम से उर्वरकों का वितरण करें।

### कक्षा 12वीं का 70.96 प्रतिशत तो कक्षा 10वीं का 71.83 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम


# बोर्ड रिजल्ट: जिले के 16 होनहारों ने स्टेट लेवल मेरिट सूची में पाया स्थान

**गत वर्ष की तुलना में बेहतर रहा परिणाम, मेरिट लिस्ट में आए विद्यार्थियों को कल कलेक्टर करेंगे सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित बोर्ड के परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा दसवीं की प्रादेशिक मेरिट सूची में जहां 9 विद्यार्थियों ने तो कक्षा बारहवीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में जिले के 7 बच्चों ने स्थान पाया है। इस वर्ष कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 70.96 प्रतिशत रहा जो कि गत वर्ष आए 69.43 प्रतिशत परिणाम से बेहतर है। इसी तरह इस वर्ष कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 71.83 फीसदी रहा है जो गत वर्ष के 76.97 से कुछ कम रहा है। प्रतिवर्ष की भांति दोनों ही कक्षाओं में छात्राओं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों से बेहतर रहा है। स्टेट एवं जिले की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार को सम्मानित किया जाएगा।





अर्जुन गुर्जर



खुशबू पाटीदार

### हायर सेंकडरी का यह रहा परीक्षा परिणाम

कक्षा 12वीं में इस साल जिले से 5893 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 4181 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 1711 विद्यार्थियों को निराशा का सामना करना पड़ा। कक्षा 12वीं में जिले के 2917 विद्यार्थी प्रथम, 1263 विद्यार्थी द्धितीय एवं 1 विद्यार्थी तृतीय श्रैणी में उत्तीर्ण हुआ। कक्षा 12वीं में जिले का परीक्षा परिणाम 70.96 प्रतिशत रहा है।

### हाईस्कूल का इतना रहा परीक्षा परिणाम

कक्षा 10वीं में इस साल जिले से 17940 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 12887 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 5053 विद्यार्थियों परीक्षा में फेल हो गए।

### जिले की मेरिट सूची में इन्होंने पाया स्थान

कक्षा दसवीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची में आए बच्चों में भावेश पिता कमल मेवाड़े अर्चना कान्वेंट बोर्ड, मयंक पिता अशोक यादव मानस स्कूल ब्यावरा, महिला पुत्री विष्णु यादव मॉडल स्कूल, नरसिंहगढ़, कृतिका पुत्री कमल किशोर उमावि धामंदा, प्रवीण पिता संतोष मेवाड़े उमावि तलेन, जानकी पुत्री छतर राजपूत सांदीपनी स्कूल मऊ, रूद्राकक्षी पुत्री सतीश गुप्ता रॉयल हाईट्स जीरापुर, साक्षी पुत्री श्रीनाथ दांगी ब्यावरा पब्लिक स्कूल ब्यावरा, रियांशी पुत्री सुरेंद्र वर्मा विवेकानंद एकेडमी ब्यावरा, करिश्मा पुत्री महेश मेवाड़ा उमावि तलेन एवं अभिश्रोक पिता लालजीराम मेहर हाईस्कूल चाठा शामिल हैं।

इसी तरह कक्षा 12वीं के विभिन्न संकायों की जिला स्तरीय मेरिट सूची में कला समूह में ज्योति पुत्री पप्पू सौंधिया मानस उमावि ब्यावरा यशोदा पुत्री अशोक यादव मानस उमावि ब्यावरा, विज्ञान समूह में दिशा पुत्री राधेश्याम कारपेंटर उमावि पटाड़ियाधाकड़, महिरा पिता इहीर पठान मास्टर माइड स्कूल तलेन, शिवम पिता रामबाबू गिरी महर्षि पब्लिक जीरापुर, वाणिज्य संकाय में अमिशा पुत्री विनोद पाटीदार रॉयल हाईट्स जीरापुर, राजवीर पिता गुलाब सिंह उमठ रॉयल हाईट्स जीरापुर, कृषि संकाय में सुनील पिता नंदकिशोर मालवीय मास्टर माइंड स्कूल तलेन शामिल हैं।

### कक्षा 10वीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में आए विद्यार्थी

| क्रं. | विद्यार्थी | स्कूल | प्राप्तांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुज पिता केशर पुष्पद | शास्त्री स्कूल, सारंगपुर | 496/500 | चौथा |
| 2. | प्रतिज्ञा पुत्री श्रीराम प्रसाद नागर | शा. कन्या, पाडलियामाता | 492/500 | आठवां |
| 3. | कृष्णपाल पिता छगनलाल दांगी | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 492/500 | आठवां |
| 4. | कनिका पिता राजेंद्र गुप्ता | शा.उमावि, गागाहोनी | 492/500 | आठवां |
| 5. | रितु यादव पुत्री जगदीश यादव | शा. कन्या हा. गिंदोरहाट | 491/500 | नवां |
| 6. | विशाखा पुत्री प्रहलाद पाटीदार | शा. कन्या हाई. पाडलियामाता | 491/500 | नवां |
| 7. | दिधिमा पुत्री सतीश गुप्ता | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 490/500 | दसवां |
| 8. | पलक पुत्री दीनदयाल उमठ | सरस्वति स्कूल, तलेन | 490/500 | दसवां |
| 9. | बंशिका पुत्री महेंद्र यादव | इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा | 490/500 | दसवां |

### कक्षा 12वीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में आए विद्यार्थी

| क्रं. | विद्यार्थी | स्कूल | प्राप्तांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| | **गणित संकाय** | | | |
| 1. | अर्जुन पिता विजय गुर्जर | मानस स्कूल, ब्यावरा | 491/500 | दूसरा |
| 2. | आशिका पुत्री भगवान साहू | मदर टेरेसा स्कूल, ब्यावरा | 489/500 | चौथा |
| 3. | श्रेष्ठ पिता श्यामसुंदर शर्मा | एसके कान्वेंट, जीरापुर | 484/500 | नवां |
| | **कामर्स संकाय** | | | |
| 1. | आर्ची पुत्री विशाल माहेश्वरी | होली एंजिल्स, कुरावर | 489/500 | दूसरा |
| 2. | खुशबू पुत्री संजय पाटीदार | रॉयल हाईट्, जीरापुर | 489/500 | दूसरा |
| 3. | शिवानी पुत्री जगदीश राजपूत | शा.उमावि धामंदा | 482/500 | नवां |
| | **जीवविज्ञान संकाय** | | | |
| 1. | वर्षा पुत्री प्रकाशचंद्र बढ़ई | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 484/500 | आठवां |

# ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ा ट्रॉला तीन की मौत, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

मंगलवार रात माचलपुर नगर के लिए अमंगल साबित हुई। अलग अलग दुर्घटना में नगर के चार लोगों की मौत हो गई। एक भीषण दुर्घटना पिपल्या कुल्मी के पास खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप एक एलएनटी मशीन से लदे कंटेनर से ट्रैक्टर ट्रॉली की सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के फरखचे उड़ गए और ट्राली खाई में गिर गई। ट्रॉली में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 15 लोग घायल हो गए। सांवलपुरा से शादी की रस्म निभाने के लिए देवीगढ़ के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर जा रहे थे सोचा नहीं था खुशी गम में तब्दील हो जावेगी। दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई और घटना स्थल पर स्थानीय लोगों और पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरु किया वा घायलों को माचलपुर स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

उपचार के दौरान एक महिला कब्बूबाई गुर्जर की मौत हो गई घायलों को जिला अस्पताल राजगढ़ वा झालावाड़ बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान बालचंद दांगी शिक्षक व बालिका सलोनी की मौत हो गई। इस तरह तीन जिंदगी इस हादसे में चली गई जब दुघटना में घायल लोगों का



उपचार चल रहा तब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भारी संख्या में नगर के लोग जमा हो गए थे। मौजूद लोगो में शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश देखा गया काफी नारेबाजी हुई। महिलाओं ने जनप्रतिनिधियों को भी भला बुरा कहा। सूचना मिलते ही माचलपुर तहसीलदार जीरापुर तहसीलदार एसडीएम अंकिता जैन एसडीओपी धर्मवीर सिंह एडिशनल एसपी के एल बंजारे सहित अनेक थानों का पुलिस बल मौजूद था। वही दूसरी दुघटना में नगर के एक 28 वर्षीय युवा व्यापारी शुभम गुप्ता की रामगंज मंडी धनिया बेचकर मारुति वैन के पलटने से हो गई। इस तरह मंगलवार का दिन नगर के लिए मनुसियत भरा रहा बुधवार चार अर्थियों उठी नगर का माहौल गमगीन भरा रहा।

# कुरावर की छात्रा आर्ची माहेश्वरी ने कॉमर्स में प्रदेश में दूसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर की होनहार छात्रा आर्ची माहेश्वरी ने 12वीं कक्षा के कॉमर्स संकाय में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगर और विद्यालय का नाम रोशन किया है। आर्ची, होली एंजिल उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुरावर की छात्रा है। उन्होंने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की।

आर्ची के इस शानदार प्रदर्शन से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके पिता विशाल माहेश्वरी कुरावर में हार्डवेयर व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि माता



अंजली माहेश्वरी गृहिणी हैं। आर्ची ने सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया। आर्ची ने मैंने प्रतिदिन लगभग चार घंटे पढ़ाई की और पूरी मेहनत व लगन से तैयारी की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने कोचिंग का भी सहारा लिया, जिससे उन्हें विषयों को और बेहतर समझने में मदद मिली। आर्ची की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजन एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### इस वर्ष 200 रुपए प्रतिघंटा किया किराया

# स्वीमिंग पूल का किराया कम करने शहर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सभी तबके के बच्चे तैरना का हुनर सीख सकें इस उद्धेश्य से प्रशासन द्वारा स्थानीय सर्किट हाऊस के समीप करीब 12 वर्ष पहले शासकीय स्वीमिंग पूल निर्मित करवाया गया था। खेल एवं युवा कल्याण के स्वामित्व वाले इस स्वीमिंग पूल के निर्माण के शुरूआती दिनों में यहां निःशुल्क तैराकी सिखाई जाती थी। बाद में पूल के मेंटेनेंस का हवाला देते हुए धीरे-धीरे राशि बढ़ाई जानी लगी।

इस वर्ष गर्मी के मौसम में प्रति व्यक्ति पूल का किराया 200 रुपए प्रतिघंटे निर्धारित कर दिया गया है। इतने अधिक किराए को सभी एफोर्ट नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शहर कांग्रेस ने प्रशासनिक अधिकारियों के नाम गुरुवार दोपहर एक ज्ञापन सौंपते हुए स्वीमिंग पूल का शुल्क कम किए जाने की मांग रखी। शहर कांग्रेस नगर अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय ने बताया कि 200 रुपए प्रतिघंटे का शुल्क काफी अधिक है जिसे सभी वहन नहीं कर सकते हैं। ऐसे में हमने पूल का किराया कम करने की मांग प्रशासन से रखी है।

### आगजनी की जांच की भी मांग

शहर कांग्रेस द्वारा एक अन्य ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपते हुए पिछले दिनों बड़ा महल पुरानी कोतवाली के पास राजस्व के रिकार्ड रूम में लगी आग की भी जांच करवाने की मांग रखी गई है।

### बाल विवाह रोकने प्रशासन ने उठाया कदम

# एसडीएम की बगैर अनुमति नहीं हो सकेंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया व आगामी दिनों में विवाह के कई मुहुर्त हैं। जिले में विभिन्न समाजों में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं जिनमें बाल विवाह होने की संभावना रहती है। ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिले के सभी एसडीएम को उनके अनुविभाग क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह सम्मेलनों में विशेष निगरानी रखने के के लिए निर्देशित किया गया हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबू खरे द्वारा बताया गया कि जिले में कोई भी विवाह सम्मेलन बिना अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी की पूर्व अनुमति के सम्पन्न नहीं होंगे। विवाह आयोजन समिति को वैवाहिक जोड़ो की सूची तथा उनके आयु संबंधी दस्तावेज एसडीएम कार्यालय में जमा करने होंगे। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के तथा 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह आयोजित नहीं होगा तथा बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### बाल विवाह रोकने मैदानी स्तर पर दलों का गठन

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा समस्त विकासखंड में विशेष रणनीति के तहत कार्य करते हुये बाल विवाह रोकने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए सघन अभियान चलाकर इस अभियान में समस्त शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर मैदानी अमले को बालक-बालिकाओं के परिवारों पर विशेष निगरानी करने व बाल विवाह न होने की जिम्मेदारी तय की गई है। क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना किसी से भी प्राप्त होने पर त्वरित कानूनी कार्यवाही करने एवं अपने अनुविभागीय क्षेत्र में बाल विवाह रोकने ६ जागरूकता लाने के लिए विकासखंड स्तरीय बाल विवाह निषेध दल का गठन किए गए हैं।

# राजगढ़ बस स्टैंड पर शीतल जल से गला तर कर सकेंगे मुसाफिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों सहित अन्य नागरिकों की सुविधा के लिए आरओ के शीतल जल की व्यवस्था की गई है। गर्मियों में मुसाफिर ठंडे जल से गला तर कर सकेंगे। दरअसल, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड के तहत नगर पालिका के सहयोग से बस स्टैंड में 300 लीटर क्षमता की आरओ जल शुद्धिकरण



प्रणाली स्थापित की गई है, जिससे यात्री वह राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। यह पहल स्वच्छता और जलजनित रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बुधवार दोपहर उक्त प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कंपनी द्वारा पाटनकला ग्राम में भी इसी तरह की प्याऊ स्थापित करवाई गई है। उल्लेखनीय है की नगर पालिका ने भी मुख्यालय के कुछ सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ निर्मित करवा रखी है।

# जल निगम का नलों में टोटी लगाओ अभियान, ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जल निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में नलों में टोटी लगाओ अभियान चलाकर ग्रामीणों को पानी बचाने के लिए जागरूक किया गया। जल निगम एवं एलएनटी कंपनी के अधिकारियों ने गांव-गांव पहुंचकर जल उपभोक्ताओं से अपील की कि पानी भरने के बाद नलों की टोटी अवश्य बंद करें, ताकि पानी व्यर्थ न बहे।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल संरक्षण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए पानी बचाओ संदेश दिया गया। कुडालिया डेम अंतर्गत एलएनटी परिसर स्थित डब्ल्यूटीपी में वृक्षारोपण भी किया गया। साथ ही कुडालिया पेयजल परियोजना के अंतर्गत ब्राह्मण गांव, झारनीया, झर्नी, ऊंचावदा, बागपुरा चिलावदी, लखोनी, सहित अन्य गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि प्रत्येक व्यक्ति अपने मोहल्ले और गांव में नलों में टोटी अवश्य लगाएं। इस अभियान में जल निगम के जीएम उमाकांत चौधरी, मैनेजर सचिन दांगी, एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर, अकाउंटेंट सफुद्दीन अहमद, मैनेजर दिलीप सिंह, कुलदीप कुमार, गोपीका रमन, ओएंडएम इंचार्ज मिथलेश मिश्रा, गणेशलूल्लू, गौतम राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में तीन दिवसीय पुस्तक मेला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर तीन दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन 15 अप्रैल को शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट हायर सेकंडरी विद्यालय परिसर में विकास खण्ड स्तरीय मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को उचित दरों पर पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है। जहां पर पुस्तक मेला का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने किया। विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की महँगी किताबों और ड्रेस के बोझ को कम करना, ताकि अभिभावकों को एक ही स्थान पर उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री मिल सके।यह



पहल शिक्षा को सुलभ बनाने और नए सत्र के लिए शैक्षणिक सामग्री की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा की गई है। शुभारंभ में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने पहुंचकर मेले में लगी तीन स्टाल पर से खरीदी भी की है।

इस मौके पर तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी, बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेंद्र शर्मा, पुर्व बीईओ हरीश गुप्ता, प्राचार्य देवेन्द्र शर्मा, स्काउट शिक्षक गोवर्धन वर्मा, योग समिति अध्यक्ष दिनेश जमींदार, भेरूलाल गुर्जर, योगेश भावसार शिक्षक राकेश कुमार भावसार, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई, डॉ. रामचरण किरार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### पुस्तक मेले को लेकर उठने लगे सवाल

# पुस्तक मेले में औपचारिकता, 18 में से सिर्फ 6 दुकानों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विकास खंड स्तरीय तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। पुस्तक मेले को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन द्वारा इस मेले का उद्देश्य पालकों को राहत देना और निजी स्कूलों द्वारा मनमाने दामों पर बेची जा रही पुस्तकों पर नियंत्रण करना बताया गया था, लेकिन जमीनी स्थिति इससे उलट नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार, नगर में करीब 18 पुस्तक दुकानों का संचालन होता है, लेकिन इस मेले में केवल 6 दुकानदारों ने ही भागीदारी की। अधिकांश दुकानदारों की अनुपस्थिति से मेले की उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। मेले में सीमित दुकानों के कारण पालकों को अपेक्षित विकल्प नहीं मिल पा



रहे हैं, जिससे वे असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। पालकों का आरोप है कि नगर के बड़े निजी स्कूलों की किताबें आज भी उन्हीं चयनित दुकानों पर उपलब्ध हैं, जिन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा तय किया गया है। इन दुकानों पर पुस्तकों के दाम भी मनमाने तरीके से वसूले जा रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। कई पालकों ने बताया कि मेले में सभी आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें फिर से उन्हीं निर्धारित दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कि पालकों को एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं और निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। लेकिन सीमित भागीदारी के चलते यह उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या शासन की मंशा के अनुरूप इस पुस्तक मेले से पालकों को वास्तविक राहत मिल पाएगी, या फिर यह आयोजन केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा और अभिभावकों को पहले की तरह महंगी पुस्तकों का बोझ उठाना पड़ेगा।

### इनका कहना है...

शासन के निर्देश पर तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। कल से और भी दुकानें लगेंगी।

**बीएल वर्मा, बीआरसी सारंगपुर**

### बाबा साहब के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

ब्यावरा। ग्राम बरखेड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अहिरवार समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जुलूस में समाज के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए जहाँ बाबा साहब के जीवन संघर्ष और उनके योगदान को याद किया गया।

**CHANGE OF NAME**

I ,TASNEEM W/O ALI AHMED SAIFY R/O WARD No 10 ,SUBHASH MARG NARSINGHGARH DISTT RAJGARH (MP.) 465669, DECLARE THAT BEFORE DIVORCE , I WAS KNOWN AS TASNEEM SUSNERWALA W/O BURHANUDDIN . NOW AFTER REMARRIAGE I HAVE CHANGED MY NAME AS TASNEEM W/O ALI AHMED SAIFY KINDLY READ MY NAME AS TASNEEM W/O ALI AHMED SAIFY INSTEAD OF TASNEEM SUSNERWALA W/O BURHANUDDIN IN MY ALL DOCUMENTS.TASNEEM W/O ALI AHMED SAIFY